# वित्तीय सहायता का सारांश (Summary of Financial Assistance)

Sanford का एक व्यापक वित्तीय सहायता कार्यक्रम है। Sanford अस्पताल, क्लिनिक, रेफ़रेंस लैब और Sanford EQUIP/Sanford इक्विप, सामूहिक रूप से Sanford, हमारे केंद्रीकृत रोगी वित्तीय सेवा कार्यालय के माध्यम से प्रदान की जाने वाली और बिल की गई किसी भी आपातकालीन और किसी भी अन्य चिकित्सकीय आवश्यक सेवाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता, बकाया राशि में कमी से लेकर बकाया राशि की पूर्ण माफ़ी तक, वित्तीय आवश्यकता प्रदर्शित करने वाले रोगियों को प्रदान की जाती है।

रोगियों को Sanford वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र माना जाता है यदि उनके पास अपनी बकाया राशि के 400% से कम खर्च करने योग्य नकद संपत्ति उपलब्ध है और कुल घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर के 375% या उससे कम है। यदि घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर के 225% या उससे कम है, तो रोगी अपनी रोगी बकाया राशि की पूर्ण माफ़ी के लिए पात्र होंगे। उन रोगियों के लिए जिनकी आय संघीय गरीबी स्तर के 226% और 375% के बीच है, उन्हें शेष बकाया राशि की आंशिक कटौती प्राप्त होगी। समायोजन के बाद बकाया राशि आम तौर पर उस प्रतिष्ठान के लिए Sanford द्वारा बिल की गई राशि से अधिक नहीं होगी जिसमें सेवाएँ प्रदान की गई थीं और वह राशि होगी जिसका भुगतान करने के लिए रोगी व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार होगा। कृपया वित्तीय सहायता नीति (Financial Assistance Policy) के परिशिष्टा पर "सहायता के लिए स्लाइडिंग छूट अनुसूची" देखें।

**असाधारण वित्तीय परिस्थितियाँ:** यदि आपकी कुल घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर के अधिकतम 375% से अधिक है, फिर भी आपने अपनी चिकित्सा स्थिति के कारण आपके और आपके परिवार के लिए पैदा हुई कठिनाई का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज़ उपलब्ध कराए हैं, तो Sanford मामला-दर-मामला आधार पर सहायता के लिए विशेष विचार प्रदान करेगा।

**आवेदन, हमारी वित्तीय सहायता नीति (Financial Assistance Policy) की एक प्रति या हमारी वित्तीय सहायता नीति (Financial Assistance Policy) का सारांश कैसे प्राप्त करें।** आप हमारी वेबसाइट https://www.sanfordhealth.org/patients-visitors/patient-information/financial-assistance-policy पर जाकर एक आवेदन या हमारी नीति की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं। www.SanfordHealth.org वेबसाइट पर जाकर और निम्नलिखित कीवर्ड खोज करके भी प्राप्त किया जा सकता है: वित्तीय सहायता। आप हमारे रोगी वित्तीय सेवा कार्यालयों से 877-629-2999 पर भी संपर्क कर सकते हैं। ये दस्तावेज़ किसी भी Sanford अस्पताल या क्लिनिक के किसी भी पंजीकरण या चेक-इन डेस्क पर भी उपलब्ध हैं। यदि आपको वित्तीय सहायता (Financial Assistance Application) आवेदन पूरा करने के लिए अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया अस्पताल या क्लिनिक स्थान के पते के लिए हमारे रोगी वित्तीय सेवा कार्यालय से 877-629-2999 पर संपर्क करें। ***वित्तीय सहायता आवेदन (Financial Assistance Applications) अंग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच, हिंदी, चीनी, रूसी, लाओटियन, अरबी और वियतनामी में उपलब्ध हैं।***

**वित्तीय सहायता (Financial Assistance) और आवश्यक दस्तावेज़ के लिए आवेदन करना।** सहायता की आवश्यकता वाले रोगियों की जितनी जल्दी हो सके पहचान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। देय राशि खर्च होने से पहले कवरेज की स्थिति सुनिश्चित

करने के लिए रोगी सेवा-पूर्व सहायता के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। सहायता के लिए पात्र होने के लिए, Sanfod को घरेलू आय में योगदान देने वाले किसी भी वेतनभोगी की अंतिम दो पे स्टब्स की एक प्रति, सभी लागू अनुसूचियों के साथ सबसे हालिया 1040 टैक्स रिटर्न की एक प्रति (टैक्स रिटर्न की अनुपस्थिति में, स्वीकार्य विकल्प सामाजिक सुरक्षा पुरस्कार-पत्र और/या IRS से फाइल न करने का प्रमाण है।) या घरेलू आय के किसी अन्य प्रमाण सहित संपूर्ण रूप से पूरा किया गया आवेदन प्राप्त करना होगा। Sanford को उपलब्ध व्यय योग्य संपत्तियों की पुष्टि के लिए बैंक या निवेश विवरण की भी आवश्यकता होती है। सार्वजनिक चिकित्सा सहायता या Medicaid के लिए संभावित रूप से पात्र समझे जाने वाले गैर-बीमाकृत रोगियों को Medicaid इनकार पत्र प्रदान करना होगा, या Sanford के वित्तीय वकील या भागीदार कंपनी के वित्तीय वकील द्वारा जांच पूरी करनी होगी।

**बिना आवेदन या पूर्ण आवेदन के वित्तीय सहायता के लिए अनुदान।** Sanford वित्तीय सहायता नीति (Sanford Financial Assistance Policy) के तहत सहायता के लिए वित्तीय आवश्यकता का अनुमान लगाने के लिए रोगी की जानकारी की व्यवस्थित तरीके से समीक्षा करने के लिए Sanford Health तीसरी पार्टी के विक्रेता का इस्तेमाल कर सकती है। यह समीक्षा सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटाबेस पर आधारित स्वास्थ्य सेवा उद्योग-मान्यता प्राप्त मॉडल का इस्तेमाल करती है। यह मॉडल राष्ट्रीय संघीय गरीबी स्तर की तुलना में संकेतक और अनुमानित आय का भुगतान करने की प्रवृत्ति स्थापित करने के लिए सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटा का इस्तेमाल करता है। इस पूर्वानुमानित मॉडल का इस्तेमाल वित्तीय सहायता आवेदन (Financial Assistance Applications) प्रक्रिया के अतिरिक्त किया जा सकता है या उसी प्रक्रिया की जगह पूरी तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है।

**हमारे वित्तीय सहायता (Financial Assistance) कार्यक्रम की उपलब्धता की अधिसूचना।** सहायता की आवश्यकता वाले रोगियों की जितनी जल्दी हो सके पहचान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। Sanford (1) हमारे अस्पतालों और क्लीनिकों में पंजीकरण क्षेत्रों पर संकेतों, (2) Sanford वेबसाइट पर उपलब्ध नीति, सारांश और आवेदन, (3) रोगी बिलिंग विवरण, (4) रोगी और परिवार को दिए जाने वाले ब्रोचर और अन्य सूचनात्मक सामग्री, और (5) स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और कर्मचारी द्वारा संभावित वित्तीय आवश्यकता वाले रोगियों की पहचान करने के माध्यम से कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार करेगा।

**वित्तीय सहायता (Financial Assistance) आवेदन द्वारा कवर की गई सेवाएँ।** एक स्वीकृत वित्तीय सहायता (Financial Assistance) आवेदन, Sanford प्रतिष्ठान में प्रदान की गई आपातकालीन और चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए शुल्क को कवर करेगा और हमारी केंद्रीकृत रोगी वित्तीय सेवाओं (Patient Financial Services) के माध्यम से इसका बिल दिया जाएगा। Sanford किसी नए आवेदन को पूरा करने की आवश्यकता के बिना छह महीने तक हमारी मंजूरी की तारीख के बाद प्रदान की गई सेवाओं के लिए शुल्क कवर कर सकता है।

**असाधारण संग्रह गतिविधियाँ:** Sanford यह निर्धारित करने के लिए उचित प्रयास करने से पहले मुकदमे या गार्निशमेंट/वेतन-रोक जैसी असाधारण संग्रह गतिविधियों में शामिल नहीं होगा कि क्या कोई व्यक्ति जिसके खाते में अवैतनिक बकाया है वह वित्तीय सहायता (Financial Assistance) के लिए पात्र है या उसे वित्तीय सहायता (Financial Assistance) के लिए आवेदन करने का अवसर मिला है या नहीं।